हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

28 नवम्बर, 1986

खण्ड 3, अंक 4

अधिकृत विवरण

विषय सूची

शुक्रवार, 28 नबम्बर, 1986

पृष्ठ संख्या

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(4) 1
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	(4) 22
अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(4) 36

विभिन्न विषयों का उठाया जाना–	
(1) बिजली बोर्ड में उपभोक्ताओं की शिकायतों संबंधी	(4) 37
(2) राज्य में नशाबन्दी लागू करने संबंधी	(4) 37
(3) गोहाना में सहकारी चीनी मिल स्थापित करने संबंधी	(4) 43
(4) कालका शहर, मढ़ावाला तथा कालका तहसील के अन्य गांवों में परवानु और बडोटीवाला में स्थापित औद्योगिक सम्पदाओं द्वारा पेय–जल प्रदूषण करने संबधी	(4) 44
ध्यानाकर्षण सूचनाएं–	
जिला सिरसा के कुछ गांवों में एग्रीकल्चरल लैंड में सेम तथा बाढ़ के कारण पानी खड़ा होने संबंधी	(4) 44
वक्तव्य–	
सिंचाई तथा बिजर्ली मन्त्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण सूचनाओं संबंधी	(4) 45
दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं ० 3) बिल, 1986	(4) 49

हरियाणा विधान सभा

शुक्रवार, 28 नवम्बर, 1986

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान' सभा हाल, विधान' भवन, सैक्टर– 1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9.30 बजे हुई । अध्यक्ष (सरदार तारा सिंह) ने अध्यक्षता की ।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

श्री अध्यक्ष : आनरेबल मैम्बर्ज, अब सवाल होंगे ।

Wazirpur Khandrai Drain

***1168. Shri Bhalle Ram :** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state—

(a) whcther there is any proposal under consideration of the Government to extend the Wazirpur Khandrai Drain upto Bichpuri Village in Sonepat District ; and

(b) if so, the time by which the said proposal is likely to materialise ?

Irrigation and Power Minister : (Chaudhri Shamsher Singh Surjewala) :

(a) Yes, Sir.

(b) The work is scheduled to be completed by 30-6-87.

श्री भले राम : स्पीकर साहब, खुशी की बात है कि मन्त्री साहब ने आश्वासन दिया है कि 30— 6— 1987 तक काम पूरा कर दिया जाएगा । स्पीकर साहब, अब भी इस गांव में पानी भरा हुआ है । क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि आया जमीन ऐक्वायर करने के कागजात तैयार करने शुरू कर दिए हैं या नहीं?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, पोजीशन यह है कि पहले यह ड्रेन बिचपरी गांव जिला सोनीपत में आर०डी ० 28 हजार से लेकर आर० डी ० 41 हजार 5 सौ तक बननी थी । यह सारी जमीन एक्यायर हो गई थी लेकिन इसके बाद गांव वालों ने रिप्रैजैन्ट किया कि इसकी अलाइनमैंट चेंज की जाए । इसको फिर दोबारा ऐग्जामिन किया गया और डिपार्टमैंट ने इसकी अलाइनमैंट 21— 1— 1986 को चेंज करना ऐक्सैप्ट कर लिया । डिपार्टमैंट ने आर० डी ० 3580० से लेकर आर० डी० 39100 तक अलाइनमैंट चेंज करना स्वीकार किया था और रिवाइज्ड अस्टीमेट्स भी दुबारा पास कर दिए हैं । लैड ऐक्वीजीशन के कागज अन्डर सैक्शन 4 और 7 अन्डर प्रिपेरेशन हैं । इस ड्रेन पर तीन लाख रुपए के करीब पहले खर्च हो चुका है और अब अढ़ाई लाख रुपया नई अलाइनमैंट पर खर्च होगा । इसके लिए फण्डज मौजूद हैं, तीन महीने में जमीन ऐक्वायर हो जाएगी और अगले तीन महीनों में खुदकर तैयार हो जाएगी । इस तरह से यी ड्रेन 3 1— 6—87 तक पूरी हो जाएगी ।

श्री जगदीश नेहरा : स्पीकर साहब., पिछले सैशन में मन्त्री जी ने विश्वास दिलाया था कि ड्रेन नम्बर आठ जो बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाती है, उसकी सफाई करके उसकी कैपेसिटी बढ़ा दी जाएगी । क्या मन्त्री महोदय बताने की क्रपा करेंगे कि उसकी अब क्या पोजीशन है ?

श्री अध्यक्ष : यह सैप्रेट क्वैश्चन है । बेसिक क्वैश्चन वजीरपुर के बारे में है ।

Utilization of underground water for Irrigation

***1180. Shri Jagdish Nehra :** Will the Minister for Agriculture be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to fully utilise the underground water in the State for Irrigation purposes ; if the steps, if any, taken or proposed to be taken therefor ?

कृषि मन्त्री (श्रीमती प्रसन्नी देवी) : राज्य में भू–गत जल का अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु स्कीमें पहले ही चलाई जा रही है जिनका विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है ।

विवरण

भूमिगत जल को सिचाई उद्देश्य हेतु पूर्ण रूप से प्रयोग में लाए जाने के लिए उठाए गए पग

भूमिगत जत के अधिक से अधिक प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने निम्न पग, उठाए है :–

(1) प्रयोग योग्य भूमिगत जल का वार्षिक निर्धारण किया जोता हैं ।

(2) भूमिगत जरर निर्धारण के आधार पर किसानों को कम गहरे नलकूप लगाने के लिए सहायता देने हेतु बैकों के माध्यम से पुनर्वित सुविधाएं जुटाने के लिए योजनाए तैयार की जाती हैं ।

(3) नलकूप लगाने के लिए प्रोत्साहन देने हेतु लघु एवं सीमान्त किसानों को क्रमशः 25 प्रतिशत एवं 33–13 प्रतिशत की दर से अनुदान दिया जाता है ।

(4) लघु एवं सीमान्त किसानो को डीजल इंजिन तथा बिजली की मोटरें कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाती हैं तथा इस कार्य के लिए उनको ऋृण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है ।

(5) फुव्वारा सिंचाई संयत लगाने के लिए कृषकों को 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है ।

(6) विभाग द्वारा नलकूप लगाने हेतू किसानों को मशीनें किराए पर उप– लब्ध कराई जाती हैं ।

श्री जगदीश नेहरा : स्पीकर साहब, मैंने यह क्वैश्चन इरीगेशन एंड पावर मिनिस्टर से पूछा था । मैंने स्पेसिफिकली पूछा था कि अन्डरग्राउन्ड वाटर को इरीगेशन परपज के लिए

यूटिलाइज करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है लेकिन इसका जवाब एग्रीक्लचर मिनिस्टर दे रही हैं जोकि सही नहीं है ।

Mr. Speaker : How would you challenge it ?

Shri Jagdish Nehra : Sir, I had specifically put the question to the Irrigation and Power Minister.

My specific question was—

"Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to fully utilise the underground water in the State for irrigation purposes, if so, the steps, if any, taken or proposed to be taken therefor ?

This was my question, Sir.

सिचाई तथा बिजली मन्त्री (चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, सवाल यह नहीं है कि मैम्बर ने किस मिनिस्टर का नाम लिख दिया । सवाल यह है कि प्रश्न कौन से डिपार्टमैंट से परटेन करता है । अन्डरग्राउन्ड वाटर के ऐक्सप्लोरेशन का काम एग्रीक्लचर डिपार्टमैंट के चार्ज में है । इसलिए यह सवार उस डिपार्टमैंट को ट्रांसफर हो गया. । इनको तो अपने' सवाल के बारे में इंफरमेशन चाहिए, चाहे कोई भी मिनिस्टर दे ।

श्री जगदीश नेहरा : क्या मन्त्री महोदया बताने की कृपा करेंगी कि इरीगेशन के लिए जो नीचे से पानी लिया जा रहा है,

वह किस तरह से यूटिलाइज किया जा रहा है और क्या शैलो ट्यूबवैल्ज लगाकर या डीप ट्यूबवैल्ज लगाकर इरीगेशन पूरी की जा सकती है?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, जितना भी पानी नीचे अवेलेबल होता है, उसको डीप ट्यूबवैल्ज लगाकर या शैलो ट्यूबवेल्ज लगाकर यूटिलाइज किया जाता है । उस पानी को कहीं नहर में डालकर इस्तेमाल किया जाता है और कहीं डाय– रेक्ट ट्यूबवैल्ज लगाकर इस्तेमाल करते हैं । हमारी पूरी कोशिश होती है कि उसका पूरा इस्तेमाल किया जाए ।

श्री जगदीश नेहरा : क्या मन्त्री महोदया बताने की कृपा करेंगी कि हरियाणा में जमीन के अन्दर कितना पानी है जो पीने के लिए और इरीगेशन के लिए इस्तेमाल हो सकता है? स्पीकर साहब, मैं स्पेसिफिक आनसर चाहता हूं ।

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, 8523 मिलियन क्यूबिक फीट वाटर नीचे से मिल सकता है जिसमें से 7248 मिलियन क्यूबिक फीट सिंचाई के लिए और 1275 मिलियन क्यूबिक फीट पीने के लिए तथा इंडस्ट्री के लिए है ।

श्री जगदीश नेहरा : क्या मन्त्री महोदया बताने की कृपा करेंगी कि अन्डर– ग्राउन्ड जो खारा पानी है, उसको मीठा करने के बाद उसको नहर में डालकर इरिगेशन परपज के लिए इस्तेमाल करने के लिए सरकार के विचाराधीन कोई स्कीम है?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, हम जमीन को ठीक करते हैं इसका मतलब यही है कि नीचे पानी खराब है । हम पूरी कोशिश करते हैं कि अधिक से अधिक पानी ठीक हो सके और उसके लिए हर किस्म की स्कीम बनाते हैं ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, हरियाणा में जितने एरियाज में अन्डर ग्राउन्ड वाटर है उसके आलमोस्ट टू थर्ड एरिया में ब्रैकिश वाटर है । वह न तो क्रौप्स के लिए यूज हो सकता है और न ही किसी दूसरी कंजम्पशन में यूज हो सकता है । स्पीकर साहब, अन्डर ग्राउन्ड वाटर टेबल बहुत राइज कर रहा है, कई जगह एक से तीन मीटर तक है । हमने इसको रैड जोन या डेंजरस जोन डिक्लेयर किया हुआ है । एम० आई० टी० सी० ने एक–एक एरिया को ऐक्सप्लोर किया है और एक–एक एरिया का डैटा और नक्शा उनके पास है । इस पानी की बैटर यूटिलाइजेशन हो, क्रौप्स को कोई नुक्सान न हो और यह जमीन को खराब न करे, इसके लिए एक अन्डर ग्राउन्ड वाटर सैल उनके पास है । इसके लिए एक पायलैट प्रोजैक्ट आलरेडी काम कर रहा है । यह प्रोजैक्ट एक जगह सिरसा में, एक जगह जींद में और एक जगह कही गोहाना मे काम कर रहा है । जब इनके कोई पोजिटिव रिजल्ट्स मिलेंगे तो उसके बाद पूरी स्टेट के लिए व्यापक प्रोग्राम बनाने का प्लान है । इस पानी को अगर कैनाल में एक खास रेशो से डाल दिया जाए तो यूज हो सकता है अदरवाइज रिवर के थ्रू बाहर फैंका जा सकता है ।

श्री निहाल सिंह : मन्त्री महोदय ने बताया है कि हम ऐनुअल असैसमैंट करते हैं कि अन्डर ग्राउन्ड वाटर कितना है । क्या मन्डी महोदया के पास पिछने तीन साल की डिस्ट्रिक्टवाइज असैसमैट की फिगर्ज हैं जिनसे पता लग सके कि कहां पर कितना पानी है, कहां कम हो रहा है और कहां बढ़ता जा रहा हे ।

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, ये फिगर्ज तो मेरे पास नही है । पानी खेती के लिए अच्छा मिल सके और वह कहां कहां है, इसके लिए हम हर साच असैसमैंट करते रहते हैं । हमारे पास दो हजार से ज्यादा कुएं भी है । हम हर तरह के टैस्ट करते रहते हैं ताकि पीने के लिए औंर फसल के लिख अच्छा पानी मिल सके ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, हरियाणा में 5.62 एम० ०ए फ० अन्डर ग्राउन्ड पानी अवेलेबल है । इन्होंनें पूछा है कि उरमें से कितना ऐक्सप्लोर हो गया और कितना बाकी है । मैं इस बारे में कहना चाहता हू कि जो स्वीट बैल्ट एरिया है उसमें आलमोस्ट नब्बे परसैन्ट पानी ऐक्सप्लोर हो चुका है । जहां ओवर एक्सप्लाएटेशन हो रही है वहा आई० डी० वी ० आई०, लैड मारगेज बैक को इसलिए कर्जा नहीं देता । इसीलिए बार–बार यही शिकायत आ रही है कि पानी नीचे जा रहा है । स्पीकर साहब, प्राईवेट ट्यूबवैल्ज की वजह से ही पानी नीचे जा रहा है । इसमें ओवर ऐक्सप्लाएटेशन ज्यादा हो गई है और हमारे पास रिचार्जिग के साधन नहीं हैं ।

श्रीमती शकुन्तला भगवाड़िया : स्पीकर साहब, हरियाणा के अन्दर 5.62 एम० ए० एफ० पानी अन्डर ग्राउन्ड है । क्या मन्त्री महोदया बताने की कृपा करेंगी कि उसमें से कितना ऐक्सप्लाएट कर लिया है और कितना बाकी है?

श्री अध्यक्ष : इसका जवाब तो आ गया है ।

श्रीमती शकुन्तला भगवाडिया : स्पीकर साहब, महेन्द्रगढ़ में नब्बे परसैन्ट पानी पानी खत्म हो चुका है, वहां पर बिल्कुल पानी नहीं है । क्या मन्त्री महोदया बताने की कृपा करेंगी कि इसके लिए सरकार क्या प्रावधान करने जा रही है?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : अध्यक्ष महोदय, ऐसी बात नहीं है कि 90 परसैन्ट एक्सप्लोर करने से पानी खत्म हो गया है । कमी तो जरूर होती है । करनाल और कुरुक्षेत्र में ट्यूबवैल्ज लगाये हुए हैं । जितना ज्यादा पानी वहां से निकलना चाहिए था, वह हम निकाल रहे हैं और लोगों को दे भी रहे हैं । पानी खत्म होने वाली कोई बात नहीं हे । कहीं पर पानी बढ़ता रहता है और कहीं पर घटता रहता

ठाकुर बहादुर सिंह : स्पीकर साहब, सिरसा जिले में घग्गर बैल्ट के साथ पानी मीठा है और उस एरिया में जो नहरें निकलती हैं वे पंजाब से आती हैं । इन नहरों का पानी हरियाणा में आते–आते बहुत कम रह जाता है परिणामस्वरूप टेल तक पानी नहीं पहुंचता है । क्या सरकार की कोई ऐसी प्रोपोजल विचाराधीन

है ताकि आगमैन्टेशन ट्यूबवैल्ज के जरिए वहां पर पानी पहुंचाया जा सके '

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, सिरसा जिले में पहले ही कई जगहों पर आगमैन्टेशन ट्यूबवैल्ज लगाए हुए हैं जिनसे पानी की सप्लाई होती है । आनरेबल मैम्बर अगर किसी खान जगह का नाम बताण्गे तो हम एग्जामिन करवा लेंगे ।

ठाकुर बहादुर सिंह : स्पीकर साहब, सुखचौन डिस्ट्रीव्यूटरी घग्गर बैलट के साथ साथ जाती है और उसमें पानी टेल तक नही पहुंचता है । अगर उसमें ट्यूब– वैल्ज के जरिए पानी डाल दिया जाए तो लोगों को काफी फायदा हो सकता है ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, इस को एग्जामिन करवा लेगे ।

श्रीमती शकुन्तला .भगवाडिया : स्पीकर साहब, जिला महेन्द्रगढ़ में आज से 14– 15 साल पहले ट्यूबवैल्ज के लिए सर्वे करवाया गया था लेकिन पानी की माता कम थी । वहां पर न नहर का और न ट्यूबवैल्ज का ही प्रावधान है, केवल भगवान की वर्षा पर ही लोग निर्भर करते हैं । मैं मिनिस्टर महोदया से यह जानना चाहती हूं कि क्या सरकार वहां पर इस तरह का दोबारा सर्वे करवाने का विचार रखती हैं?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : जरूर सर्वे करवा देंगे ।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : स्पीकर साहब, मन्त्री जी ने नीचे के पानी को इस्तेमाल करने के बारे में बताया कि जहां पानी ज्यादा था वहां आगमैन्टेशन ट्यूबवैल्ज के जरिए दूसरी जगहों पर पानी ले गए । मेरे हल्के मेवला महाराजपुर व बल्लभगढ़ में जहां पानी आगमैन्टेशन ट्यूबवैल्ज के जरिए एम० आई० टी० सी ० नहर में डाल कर गुड़गांव नहर को फीड किया गया था आज 12– 14 सालो के बाद वहां की हालत यह हो गयी है कि वहां का पानी बिल्कुल एक्सपलायट हो गया है । वहां पर पानी का लैवल 50– 60 फीट नीचे हो गया है । किसानों के ट्यूबवैल्ज काफी हद तक फेल हो गए हैं । क्या सरकार ऐसी कोई योजना बनायेगी जिससे किसानों को कुछ राहत मिल सके या उन ट्यूबवैल्ज को डी ० आई० टी० मैं कंवर्ट करके सस्ते रेट्स पर पानी की सप्लाई की जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो ?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, आज से डेढ़ दो साल पहले मैं महेन्द्र प्रताप जी के निमन्त्रण पर उनके इलाके में गया था । काफी जगहों का दौरा किया था और लोगों की बातों को ध्यान पूर्वक सुना भी था । उस वक्त जो निर्णय लिये गये थे, वह ये हैं कि आगमैन्टेशन ट्यूबवैल्ज के जरिए अगर साथ वाले खेतों में किसान उन से पानी लेना चाहेंगे तो हम उनको अवश्य पानी देंगे । इस वारे में विभाग को भी आर्डर कर दिए गए हैं और जिन जिन से ऐसी डिमांड आयी है, उनको हमने पानी दिया भी है । जहां तक ओवर एक्चपंलायटेशन का संबंध है, चाहे

इनके एरिये में है, चाहे महेन्द्रगढ़ के त्रिया में है, चाहे कुरुक्षेत्र और करनाल के एरिया की बात है, वह प्राईवेट लोगों के ट्यूबवैल्ज लगने के कारण हुई है क्योंकि उनकी गिनती ज्यादा है । जब हरियाणा वना उस वक्त हरियाणा के अन्दर 18000 ट्यूबवैल्ज थे और अब 4 लाख के लगभग हैं और अब भी नये ट्यूबवैल्ज लग रहे हैं । ओवर एक्सपलायटेशन हमने नहीं किया, प्राईवेट लोगों के ट्यूबवैल्ज के कारण हुई है । जहां तक री–चार्जिग की वात है, इस बारे में, मैं यह कहना चाहूगा कि जैसे–जैसे नहरी पानी बढ़ेगा, फल्डज का पानी आएगा बरसात होगी तो री–चार्जिग अपने आप होगी । यह एक कुदरती तरीका है । मिसाल के तौर पर दोहन, कृष्णावती और साहबी नदी ओवर दा ईयर चलती हैं । पहले इनकी वजह से हमारा पानी अपने आप ही री–चार्ज हो जाता था लेकिन अब कुछ समय से राजस्थान वालों ने अपने इलाके में वान्ध बनाकर इन नदियों के पानी को रोक लिया है जिस वजह से हमारा पानी री–चार्ज नहीं होता और हमें कई सालों से पूरा पानी नहीं मिल रहा है । इस लिये पानी की प्रोब्लम हमारे सामने है । सरकार इसके लिये कार्यवाही कर रही है जैसे ही एस० वाई० एल० का पानी आएगा तो री–चार्जिग में पूरी हैल्प मिलेगी । इस के लिये हम राजस्थान सरकार से बातचीत कर रहे हैं ।

श्री अध्यक्ष : मारकण्डा और टांगरी रिवर्ज का पानी भी काफी जाया हो रहा है । क्या इम का भी कोई प्रबन्ध सरकार करेगी?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, इस बारे मे मैंने कल एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि जसपुर और दूसरी एक और जगह पर सरकार का बैराज बनाने का प्रोग्राम है और इसके लिये हमने केन्द्र सरकार की स्वीकृति भी मांगी हुई है ।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : स्पीकर साहब, अभी मन्त्री महोदय ने बताया है कि लोगों के प्राईवेट टयूबूवैल्ज लगाने के कारण पानी की एक्सपलायटेशन हुई है । मन्त्री महोदय की यह बात सही है कि वहां पर आगमैन्टेशन टयूबवैल्ज की तादाद काफी है जिसके कारण वाटर लेवल नीचा हुआ है । दूसरे मिनिस्टर साहब ने फरमाया कि आगमेन्टेशन टयूबवैल्ज से किसानों को पानी दिया जा रहा है । यह उनकी बात ठीक है कि किसानों को थोड़ा बहुत टेम्पोरेरी रिलीफ दिया जा रहा है लेकिन उनके रास्ते में सब से बड़ी रुकावट यह है कि जो पानी उनको दिया जा रहा है, वह बहुत महंगा है । 70 रुपये प्रति एकड़ से लेकर सवा सौ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से पहली भराई का चार्ज किया जाता है । स्पीकर साहव, आपके माध्यम से मिनिस्टर साहब से यह प्रार्थना है कि जिस इलाके से उस वक्त दूसरे इलाके में किसानों को पानी दिया गया था, उस इलाके के किसानों को अब भी इस गम्भीर हालत में

पानी की सप्लाई की जानी चाहिये । इस के लिये सरकार को अवश्य ही कुछ न कुछ उपाय करने चाहियें । साथ ही मेरी यह भी गुजारिश हे कि इस वक्त जो रेट्स उन से चार्ज किये जा रहे हैं, वह बहुत महंगे हैं इसलिए उन से दूसरों की तरह नहरी पानी के रेट्स लिये जाएं जिस से उन को भी राहत की सांस आ सके । जिन किसानों के टयूबवैल्ज फेल हो चुके हैं और वे अपनी खालों को पक्का करवाना चाहते हैं, इस तरफ भी गौर किया जाए और उनकी मदद की जाए ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : जहां तक सस्ते भाव परे पानी देने का सवाल है । इस बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि एम० आई० टी० सी० के ट्यूबवैल्ज बिजली से चलते हैं और बिजली का बिल उनको देना पड़ता है । अभी पिछले दिनों किसानों की मांग पर हमने 10 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली के रेट्स रिडयूस किये हैं । नो प्रोफिट, नो लास केबेसिज पर एम० आई० टी० सी ० रन कर रहा है। सो इससे फालतू रेट्स को रिडयूस करने के चान्सिज नहीं हैं और न ही नहरी रेट्स के बराबर किया जा सकता है । अगर कोई आगमैन्टेशन टयूबवैलज ऐसे एरिया में लगे हैं जहां पानी का लैवल इफैक्ट हो गया है, यह सारी बात सरकार के अन्डर रिव्यू है । हम इस बात को भी एग्जामिन कर रहे हैं कि जिन एरियाज में यह पानी जाना था उनके लिये कोई न कोई दूसरा आलटर– नेटिव हु ओं जाए ।

इस को पूरी तरह मे रिव्यू कर रहे हैं और सरकार जल्दी ही कोई निर्णय लेना चाहती है ।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : स्पीकर साहब, मेरे सवाल का जवाब नहीं आया क्योंकि इस वक्त लोगों से पानी के जो रेट्स चार्ज किये जा रहे हैं, वे बहुत महंगे हैं । मेरी मिनिस्टर साहब से गुजारिश है कि लोगों से नहरी पानी के रेट्स चार्ज किये जाए ताकि लोगों को और रिलीफ मिल सके और लोग राहत महसूस कर सके । क्योंकि यह पानी एम० आई० टी० सी० की नहर द्वारा गुडगावां नहर को फीड करके दिया जा रहा है । उनसे नहरी रेट चार्ज किया जा रहा है तो फिर जिस एरिया से पानी लिया जा रहा है उन्हें नहरी रेट पर पानी क्यों नहीं दिया जा सकता ।

श्री अध्यक्ष : इसका जवाब पहले आ चुका है ।

चौधरी साहब सिंह सैनी : स्पीकर साहब, अभी मिनिस्टर साहब ने जवाब दिया कि ग्राउन्ड वाटर काफी नीचे चला गया है, खास तौर पर कुरुक्षेत्र के एरिया में ऐसा हुआ हे । लाडवा के पास एक राक्शी नदी चलती थी और वह कुरुक्षेत्र की साईड में आती थी उससे काफी री–चार्जिग हो जाती थी । अब उस नदी का पानी बूबका गांव के पास से बन्द करके वैस्टर्न यमुना कैनाल में डाल दिया गया है । अगर इस बांध को दोबारा खोल कर चालू कर दिया जाए तो री–चार्जिग में बहुत फर्क पड़ेगा और इससे वाटर लैवल भी उपर आ जाएगा । जब पानी ज्यादा माता में हो

जाए तो इसको दोबारा कन्वर्ट करके वैस्टर्न यमुना कैनाल में डाला जा सकता है । क्या सरकार मेरे इस सुझाव पर विचार करेगी क्योंकि इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, असली बात यह है कि इसके लिये जिम्मेदार तो हम सब लोग ही हैं । स्पीकर साहब, आपको खुद भी नालेज है कि मुरब्बा–बन्दी से पहले बहुत से नालों में कुदरती पानी जो बह कर जाता था, उन सब को लोगों ने भर कर कल्टीवेबल कर लिया है । ऐसे नाले अम्बाला, करनाल और कुरुक्षेत्र जिलों में बहुत थे । वहां पर लोग फसलें काश्त करने लग गए हैं । ये कौन सी बरसाती नदी खुलवाना चाहते हैं इसके बारे में जो बताएंगे उसे देख लेंगे । अगर लोग उन नालों को बन्द न करते तो पानी कुदरती तौर पर री–चार्ज होता रहता ।

चौधरी कुन्दन लाल : क्या मन्त्री जी बताएंगी कि जिन गांवों में नीचे का पानी कडवा है, क्या उनको नहर बगैरह से पीने का पानी देने का प्रबन्ध करेंगी?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, यह तो तभी दिया जा सकता है जब हमारे पास नहरी पानी अवेलेबल होगा ।

श्री दयानन्द शर्मा : स्पीकर साहब, पहले हमारे जीन्द जिले में एम० आई० टी ० सी० के ट्यूबवैल्ज लगे हुए थे और जिन गांवों में नहर का पानी नहीं जाता था उनको इन ट्यूबवैल्ज

द्वारा घंटों के हिसाब से पानी दिया जाता था । मैं जानना चाहता हूं कि जहां अब भी नहरी पानी नहीं है क्या वहां इन ट्यूबवैल्ज द्वारा पानी दिया जाएगा?

श्री अध्यक्ष : शर्मा जी, यह ग्राउंड वाटर का सवाल है ।

चौधरी रोशन लाल आर्य : स्पीकर साहब, जैसे पहाड़ के साथ–साथ सब–माउनटेनेस एरिया में बहुत सा पानी बेकार चला जाता है तो क्या सरकार के विचाराधीन हे कि छोटे–छोटे बांध बना कर ऐसे पानी को इकट्ठा किया जाए ताकि ग्राउन्ड वाटर का लैवल ऊंचा हो सके? ऐसा करने से बाढ़ के दिनों में भी नुकसान नहीं होगा और सूखे के दिनों में इकट्ठा किया गया पानी इस्तेमाल हो सकेगा ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, परसों एक सवाल के जवाब में बताया था कि अकेले अम्बाला जिला मे 850 के करीब हम बांध बना रहे हैं । यह बीस स्त्री प्रोग्राम के अधीन योजना है ।

चौधरी अजमत खां : स्पीकर साहब, मेवात के एरिया मैं सोहना से लेकर अलवर रोड के साथ–साथ और राजस्थान बार्डर के अरावली पर्वत के साथ–साथ दो शाखाएं जाती हैं जिनकी लम्बाई 150 और 20 किलोमीटर की है । अरावली पर्वत के दोनों साइडों में पानी मौजूद है लेकिन बीच के इलाके में पीने के लिये

भी पानी नही है, क्या सरकार आगमैटेशन के जरिये वहां पर पानी देने का विचार रखती है?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, मैंने पहले भी बताया है कि हम पानी खोजने की कोशिश करते हैं । हम कोशिश करते हैं कि किसी भी तरीके से पानी मिले । जहां तक बांध बनाने की बात है उसके बारे आई० पी० एम० साहब ने बताया है । अगर वहां भी किसी बांध के जरिये पानी मिल सकता होगा तो कोशिश की जा सकती हुए । ट्यूबवैल्ज लगाकर अगर पानी निकाला जा सकता होगा तो उसे भी देख लिया जाएगा ।

श्री निहाल सिंह : स्पीकर साहब, जहां अन्डर ग्राउन्ड वाटर बिल्कुल खत्म हो गया है, क्या वहां के लिये कोई स्कीम है कि वहां पर नए ट्यूबवैल्ज लगाने बिल्कुल बन्द कर दिए जाएं? अगर ऐसी स्कीम नहीं है तो क्या इनके पास कोई ऐसी मशीन है जो डीप सायल की बोरिंग कर सके?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, हमारे पास डीप सायल को बोर करने की भी मशीन है । हमारे पास सारे साधन हैं । जहां जैसी जरूरत होती है, वैसे काम कर देते है ।

श्री लछमन सिंह : अध्यक्ष महोदय जो कन्डी का एरिया है या पिंजौर से छछरौली तक का एरिया है । उसकी सायल हार्ड है । क्या वहां पर इन्होंने पत्थरो को तोड़ कर ट्यूबवैल्ज को डीप

किया है, अगर नही किया है तो आगे करके यह पता करेंगे कि वहां पर ग्राउन्ड वाटर कितना डीप है?

श्रीमती प्रसन्नी देवी : स्पीकर साहब, सभी जगहों के टयूबवैल्ज की लिस्ट इस समय मेरे पास नही है लेकिन हमारे पास बडी–बड़ी मशीनें हैं और जहां जहां वे काम कर सकती है वहां उनको हम– जरुर इस्तेमाल करके देखेगे ।

Flowing of Water of Nuh and Ujina Distributaries etc.

***1211. Chaudhri Azmat Khan :** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state whether it is a fact that water of Nuh Distributary is not flowing beyond Nuh and that of Ujina Distributary beyond Rania of Gurgaon Canal; if so, the reasons therefor ?

Irrigation and Power Minister (Chaudhri Shamsher Singh Surjewala) : Yes, Sir, Nuh Disty. is a long Katcha Channel and passes through sandy and undulating tract, getting frequently choked up with the blown sand making it difficult for the water to flow upto Nuh.

Ujina Distributary also suffers from similar problcms, and it has not been possible to run water beyond Village Rania. The main problem is scarcity of water in the Gurgaon Canal system.

चौधरी अजमत खां : स्पीकर साहब, जब मैंने यह सवाल दिया था तो उसमें मैंने इन्द्री, उटावड, गगवानी और बनारसी डिस्टीब्यूटरीज का भी जिक्र किया था । हालांकि ये डिस्ट्रीव्यूटरीज

20— 25 साल से मुकम्मल है लेकिन इनमें पानी नहीं पहुंच रहा है । जहां तक मैं समझता हू, पानी न पहुंचने का मेन कारण यह है कि नूह और उजीना डिस्ट्रीव्यूटरीज में एक—एक साइफन लगाया हुआ है । साइफनों का लैवल नहर 'से लैवल से ऊंचा होने की वजह से पानी आगे नही जाता । जिन इंजीनियर्ज ने यह काम करवाया है, क्या उनके खिलाफ ऐक्शन लिया जाएगा? दूसरे सितम्बर और अक्तूबर के महीने में गुडगावां कैनाल में पानी आया था जिसको यू ० डी० डी० में डाल दिया जबकि उस पानी से जोहड़ भरे जा सकते थे । नहर का पानी वापिस नहर में डाल दिया जाए लेकिन किसानों को न दिया जाए, इस बारे में मैंने वहां के डी० सी०, संबन्धित अफसरों तथा हैड आफिस को भी लिखा था । क्या अब सरकार यकीन दिलाएगी कि नहरों का पानी किसानों को दिया जाएगा?

10.00 बजे ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने खुद माना है कि यह नहर 25— 30 साल पहले की बनी हुई है । अगर इस नहर के साइफन में कोई डिफैक्ट होने की वजह मे पानी नहीं गुजरता तो ये पिछले पांच साल से इस असैम्बली के मैम्बर हैं, यह बात सरकार के नोटिस में क्यों नहीं लाए? यदि ऐसी बात है तो जब भी माननीय सदस्य कहेंगे हम आफिसर्ज की एक मीटिंग बुला लेंगे यदि साइफन में कोई रुकावट है, बह ठीक करवा देंगे । जहां तक पानी न पहुंचने का

सवाल है उसका मुख्य कारण यह है कि नूह डिस्ट्रीव्यूटरी 40 किलोमीटर लम्बी है और वह सारी कच्ची है, इसलिये इसमें पानी नही चल सकता । इसकी कैपेसिटी भी ज्यादा नहीं है । अगर यह नहर 500 या 700 क्यूसिक कैपेसिटी की होती तो पानी का बहाव हो जाता लेकिन यह केवल 80 क्यूसिकस की नहर है, इसलिये मे इस आधे हिस्से तक ही पानी चलता है । पानी का पूरा बहाव न होने के कारण इसकी टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता । इस नहर के बारे में माननीय सदस्य जो भी सुझाव देंगे, उस बारे में डिपार्टमैंट इनकी पूरी मदद करेगा । इसी तरह से उजीना डिस्ट्रीव्यूटरी की कैपेसिटी 39 क्यूसिक्स की है, वह भी पार्टली कच्ची है, इसमें पूरा पानी तभी चलेगा जब एस० वाई ० एल० नहर का पानी आएगा । इसके अलावा, इन्होंने कहा कि जमना कैनाल का पानी वापिस जाता रहता है, किसानों को नहीं मिल रहा है । मैं इस बारे में माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यदि ऐसी बात हे तो इसका मतलब यह हुआ कि आगे रास्ते में कोई रुकावट होगी इसलिये पानी आगे नही जाता । वह रुकावट दूर करवाएंगे ।

चौधरी अजमत खां : स्पीकर साहब, नूह –डिस्ट्रीब्यूटरी तो कच्ची है लेकिन उटावड डिस्ट्रीब्यूटरी पक्की है, उसमें भी तीन साल से पानी नही जा रहा है, इसका क्या कारण है?

श्री अध्यक्ष : यह सवाल नूंह और उजीना डिस्ट्रीव्यूटरी के बारे में है, उटावड डिस्ट्रीव्यूटरी के बारे में नहीं है ।

चौधरी अजमत खां : स्पीकर साहब, उटावड डिस्ट्रीव्यूटरी पक्की है, उसमें भी पानी नहीं पहुंच रहा है?

श्री अध्यक्ष : जो आफिसर्ज कोई गड़बड़ कर रहे हैं आप उनकी मन्दी जी के पास शिकायत करें ।

चौधरी लीला कृष्ण : स्पीकर साहब, न्यू धांगड़ माइनर पिछले चार साल से बनी हुई है, वह रेतीले इलाके से गुजरती है, उसमें मोघे नहीं लगे हुए हैं । वह जंगल के एरिया से गुजरती है और जिस किसान के दिल में आए, वह उससे पानी ले लेता है । यह समस्या पिछले तीन साल से चली आ रही है । में आपके माध्यम से मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या उस नहर में मोघे लगा कर इस समस्या का समाधान किया जाएगा?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : यह सैपरेट क्वैश्चन है ।

Water Supply Scheme in Ambala Cantt.

***1197. Seth Ram Dass Dhamija :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to start a Water Supply Scheme in Ambala Cantt ; if so, the time by which it is likely to materialise ?

Minister of State for Local Government (Shri A.C. Chaudhary) Water Supply Scheme has been in existence in Ambala Cantt. since 1930, which has been augmented from time to time.

सेठ राम दास धमीजा : स्पीकर साहब, अम्बाला कैन्ट मे वाटर वर्कस की स्कीम 60 साल पुरानी है । उस समय अम्बाला कैन्ट की आबादी 20–25 हजार की थी लेकिन अब डेढ़ लाख की आबादी हो गई हे । उनके लिए 16 टयूबबैल्ज हे, उन ट्यूबवैल्ज के पानी की सतह नीची चली जाती है और पानी खत्म हो जाता है जिसकी वजह से लोगो को पानी नहीं मिल पाता है । प्रान्त में गाव–गांव को पीने का पानी दिया जा रहा है लेकिन अम्बाला कैन्ट के लोगों को पूरा पानी नहीं मिल रहा है । पिछले महीने 19 अक्तुबर को सी० एम० साहिब ने अम्बाला शहर को पीने का पानी दिया पै । मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या अम्बाला शहर के पैट्रन पर अम्बाली कैन्ट को भी पीने का पानी देने का प्रयत्न किया जाएगा?

श्री ए ० सी ० चौधरी : स्पीकर साहब, मैंने मेन सवाल के जवाव में कहा है कि इनकी आगमैन्टेशन टाईम टू टाईम कर रहे हैं । मै आनरेबल मैम्बर के नोटिस में लाना चाहता हूं कि 1977 में अम्बाला कैन्ट में केवल पांच ट्यूबवैलज थे, जिनमें से तीन ट्यूबवैल्ज अनवर्कबल थे और दो काम कर रहे थे, तब मी कहा के लोगों का गुजारा होता था लेकिन अब वहां पर टोटल 16 ट्यूबवैल्ज से पीने का पानी दिया जा रहा है और 17वां ट्यूबवैल इन हैंड है । पहल अम्बाला कैन्ट के लोगों को 18 गैलन पर हैड के हिसाब से पानी मिलता था लेकिन आज के दिन 25 गैलन पानी पर हैड के हिसाब से मिल रहा है । लोग इससे सैटिस्फाई हैं ।

उन की तरफ से कोई शिकायत नही है । इसके अलावा, माननीय सदस्य ने कहा हे कि वाटर सप्लाई कैनाल्ज बेस दी जाये । इस बारे में मैं उनको बताना चाहूंगा कि हरियाणा के 83 शहर हैं जिनमें से 81 शहरों में सरकार वा टर सप्लाई करती है और दो शहर इडिपैंडैटली अपने आप कर रहे हैं । केवल 25 शहरों में वाटर सप्लाई कैनाल बेसड है । अम्बाला कैन्ट मैं फरवरी, 1987 में कैनाल बेसड वाटर सप्लाई करने की स्कीम है । मैं यह दावे के साथ कह सकता हू कि हरियाणा स्टेट के किसी भी अर्बन एरिया में पीने के पानी की प्रोब्लम नही है ।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : स्पीकर साहब, फरीदाबाद एक बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल टाउन है । वहां पर बहुत ज्यादा कालोनीज आबाद हो गई हैं और वे कालोनीज पिछले 20 साल से अनअथोराइज्ड हैं लेकिन अब सरकार ने उन कालोनीन को रैगुलराइज कर दिया है । फरीदाबाद में दब्बा कालोनी और जवाहर कालोनी में पीने का पानी नहीं है । इसी तरह मेरे हल्के में भी बहुत सी कालोनीज हैं । वल्लभगढ़ में भी काफी कालोनीज हैं जिनके अन्दर पीने के पानी का कहत है । उन सभी कालोनीज में पीने के पानी की बहुत भारी दिक्कत पैदा हो रही है । वहां के डाक्टर्ज की रिपोर्ट है कि 90 परसैन्ट लोगों के पेट में कीड़े हैं । कीड़े इसलिए हैं, क्योंकि वहां पर जमीन के नीचे लैटरीन का पानी और गंदा पानी जाता है जिसके कारण पानी गंदा हो जाता है । उस पानी को पीने के कारण लोगों के पेट मैं कीड़े हो जाते हैं ।

मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसी योजना है जिससे फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और मेरे हल्के की दूसरी कालोनीज को प्रायर्टी बेसिज पर पीने का पानी दिया जा सकता है, क्योंकि यह बेमिक जरुरत है?

श्री ए ० सी ० चौधरी : स्पीकर साहब, माननीय सदस्य की बात ठीक है । फरीदाबाद की आबादी पहले 25 हजार थी लेकिन आज बढ़ कर 5– 6 लाख हो गई है । सरकार ने लोगो की दिक्कतों को दूर करने से कभी भी मुंह नही मोड़ा है । जिस जिस जगह पर ट्यूववैल्ज की जरुरत है, उसके लिए सरकार पूरी तरह से जागरुक है । आनरेबल मैम्बर ने दब्वा और जवाहर कालोनीज में पीने के पानी की समस्या के बारे में जिक्र किया है । इस बारे में मैं उनको बताना चाहूंगा कि पिछले दिनों हुड्डा से परचेज करके उन कालोनीज में पानी पहुंचाया है । अब फरीदाबाद कम्पलैक्स और हुड्डा दोनों मिल कर 40 करोड़ रुपए की एक स्कीम तैयार कर रहे हैं । यह स्कीम सेनेटरी बोर्ड के पास एप्रूवल के लिए भेजी हुई दै । जब स्कीम एप्रूव हो कर आ जाएगी, उस समय वहां पर पीने के पानी की कोई कमी नही रहेगी । हमारी यह पूरी कोशिश होगी कि उन कालोनीज में पीने का पानी पूरा पहुंचे ।

Shortage of Transformers

***1205 Chaudhary Roshan Lal Arya :** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state—

(a) whether there is any shortage of transformers

in the State at present ; if so, the steps taken or proposed to be taken to meet the shortage ;

(b) the number of damaged/defective; transformers as at present in the State and the time by which these are likely to be repaired ;

(c) the number of workshops so far established in the State for the repairs of transformers ; and

(d) whether there is any proposal under consideration of the Government to establish more workshops, as referred to in part (c) above during the current financial year ; if so, the number thereof and the places where these are proposed to be set up ?

Irrigation and Power Minister (Chaudhri Shamsher Singh Surjewala):

(a) Yes, Sir. Steps have been taken to meet with the shortage of transformers by increasing the repair capacity of departmental Transformer Repair Workshops and by purchasing new transformers.

(b) About 550 damaged/defective transformers pertaining to public are awaiting repair/replacement at present as on 7th November, 1986. These transformers are likely to be repaired/replaced in about a month's time.

(c) Seven Transformers Repair Workshops are functioning in the State at present.

(d) Yes, Sir. There is a proposal to create one more Transformer Repair Workshop at Kurukshetra.

चौधरी रोशन लाल आर्य : स्पीकर साहब, बिजली के ट्रासफार्मर्ज जले होने– की वजह से उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलती है फिर भी उनसे फ्लैट रेट पर बिजली का बिल लिया जाता है । उपभोक्ताओं को एक–एक दो–दो महीने तक बिजली न मिलने के बावजूद भी बिजली के बिल लिये जाते हैं । इस बारे में एक सुझाव है कि जिस दिन ट्रांसफार्मर जल जाये, उस दिन से लेकर जब तक वह रिप्लेस न हो जाए, उस दौरान उपभोक्ताओं से विल नहीं लिया जाना चाहिए ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, बिजली बोर्ड ने ऐसी हिदायतें पहले से ही जागे की हुई हैं कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण उपभोक्ताओ को जितने समय तक बिजली नहीं मिली, उस समय की छूट के लिए वे एप्लाई कर दें, एप्लाई करने के बाद उनसे उस दौरान का बिजली का बिल नहीं लिया जाएगा ।

चौधरी रोशन लाल आर्य : स्पीकर साहब, विना एप्लाई किये ही उपभोक्ताओं से बिल न लिया जाये ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, बिना एप्लाई किये तो जो जूनियर लैवल के आफिशियल्ज हैं, वे गड़बड़ करेंगे । बिना एप्लाई किए यह कैसे पता लगेगा कि फलां समय ट्रांसफार्मर जला हुआ था, इसलिये एप्लाई तो करना ही पड़ेगा ।

यदि किसी कंज्यूमर का बिल ठीक नही है, वह भी उसको ठीक करवाने के लिए एप्लाई करना पड़ता है ।

चौधरी साहब सिंह सैनी : स्पीकर साहब, कुरुक्षेत्र जिले में टयूबवैल्ज से इरीगेशन होती है, इसलिये ओवरलोड होने की वजह से ट्रांसफार्मर्ज जल जाते हैं और एक–एक महीने तक रिप्लेस नही होते लेकिन फिर भी कन्जूमर्ज मे बिजली का बिल लिया जाता है ? दूसरी बात यह है कि जब ट्रांसफार्मर जल जाता है तो हफ्ता 10 दिन तक तो बिजली बोर्ड के एम्पलाई रिपोर्ट ही नहीं करते, 15 दिन के बाद रिपोर्ट कर्ते हैं, फिर कहीं जाकर वह रिप्लेस होता है । जिस दिन से ट्रांसफार्मर करता है, उस दिन से नहीं गिनते बीछा 15 दिन के बाद' मे गिनते हैं इसलिये जितने दिन नही गिने जाते, उतने दिन का कन्ज्यूमर्ज से बिजली का दिन ले लिया जाता है । ऐसा होना चाहिए कि जिस दिन मे ट्रासफार्मर जलता है, उसी दिन से दिन गिने जाने चाहिएं न कि 15 दिन के बाद के दिन गिने जाएं । बिजली बोर्ड के एम्पलाई को उसी दिन से रिपोर्ट करनी चाहिए जिन दिन ट्रांसफार्मर जलता है

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : सर, रिपोर्ट तो महकमे वाले नहीं करते । रिपोर्ट तो कन्ज्यूमर्ज को ही करनी होती है । डस बात का सभी कन्न्यूमर्ज को पता है । कन्ज्यूमर्ज द्वारा रिपोर्ट करने के बाद 7–8 दिन के अन्दर अन्दर एक्शन ले लिया जाता है ।

चौधरी साहब सिंह सैनी : आपके डिपार्टमेंट वाले रिपोर्ट नहीं लिखते ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : अगर ऐसी कोई बात इनके नोटिस में है तो यह हमें बतायें, हम अवश्य कार्यवाही करेंगे । जहां तक इन्होने यह कहा कि ट्रांसफार्मर एक महीने तक रिप्लेस नहीं होता है, मैं इस को चौक करवा लूंगा । ट्रांसफार्मर सड़ जाने की वजह से कन्ज्यूमर्ज को एक महीने तक की रिलीफ दिए जाने का तो सवाल ही नही है । फिर भी मैं चाहूंगा कि कम से कम एक सप्ताह का तो रिलीफ अवश्य मिलना चाहिए ।

श्री जगदीश नेहरा : मैं मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि जो ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं, क्या ये वे तो नही हैं जो 1977–78 और 1978–79 में खरीदे गये थे? दूसरा मेरा सवाल यह है कि क्या इन जले हुए ट्रांसफार्मरों को प्राईवेट कम्पनीज से भी ठीक करवाने की सरकार की कोई स्कीम है?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर सर, ट्रांसफार्मर डैमेज होने के 2–3 कारण हैं । मेन कारण तो ओवर लोड का है । सभी को पता है कि लोगों ने अन– अथोराइज्ड ओवर लोड बढ़ाया हुआ है । जैसे किसी ट्यूबवैल वाले आदमी ने 5 हार्सपावर की मोटर की एप्लीकेशन बिजली बोर्ड को दे रखी है लेकिन असल मे उसकी जगह पर बाद में वह साढ़े सात या 10 हार्सपावर की मोटर लगा लेता है जिससे लोड बढ़ जाता है । हम

जो ट्रांसफार्मर लगाते हैं वह एक्चुअल लोड के हिसाब से लगाते हैं जबकि असल में लोढ एकचुअल लोड से कई गुणा अधिक होता है जिसकी वजह से ट्रांसफार्मर सड़ जाते हैं डसके अलावा बरसात होने और आयल वगैरा लीक होने के कारण थी ट्रांसफार्मर नड जाते । हैं । जहां तक इनकी दूसरी बात है कि जले हुए ट्रासफार्मर्ज को प्राइवेट कम्पनी से ठीक करवायें जायें, ऐसी कोई स्कीम सरकार के विचाराधीन नहीं शै । बिजली बोर्ड ने 10 हजार नए ट्रांसफार्मर खरीदने के आर्डर दिए हुए हैं । इनमें से काफी तो आ चुके हैं और बाकी आ रहे हैं । हमारी वर्कशाप्स में हर महीने तकरीबन 575 ट्रांस– ट्रांसफार्मजं रिपेयर हो रहे हैं । जितने ट्रासफार्मर्ज सड़ रहे हैं उससे ज्यादा हम रिपेयर इस समय कर रहे हैं ।

चौधरी चन्दा सिंह : स्पीकर साहब, आपको भी पता है कि आज के दिन बिजली बहुत जरूरी चीज हो चुकी है । कई जगहों पर लोगों को फ्लेट रेट पर बिजली सप्लाई होती है । हमारे यहां कई स्थान ऐसे हैं जहां पर बिजली के अलावा ऐसा कोई साधन नहीं है जिससे लोग अपने खेतों को या पशुओं के लिये पानी प्राप्त कर सकें । मेरे कहने का मतलब यह है कि जब ऐसी जगहों पर ट्रांसफार्मर सड़ जाएं तो क्या वहां पर दूसरे स्थानों की अपेक्षा जल्दी ट्रांसफार्मर बदलने की कोशिश करेंगे? जब लोग बिजली वालों के पास जाते हैं तो वे कोई खास ध्यान नहीं देते । मेरी मन्त्री जी से रिक्वैस्ट है कि ऐसी जगहों पर जहां

सिर्फ बिजली का ही साधन हो, वहां पर ट्रांसफार्मर जल्दी से जल्दी बदलें, चाहे इसके लिए हमारे से और पैसे ले लिए जाएं ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, इस समय स्टेट में 45 हजार के आसपास ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं । हम महीने में तकरीबन 500 ट्रांसफार्मर रिप्लेस करते रहते हैं । ऐसी कोई जगह नहीं है जहां पर ट्रांसफार्मर महीने से ज्यादा की अवधि में बदला गया है । महीने के अन्दर–अन्दर तो हर हालत में ट्रांसफार्मर रिप्लेस कर दिया जाता है । इन्होंने यह भी कहा कि जहां पर पीने के पानी के लिए बिजली के अलावा और कोई साधन नहीं है वहां कोई और साधन उपलब्ध करवाया जाये । मैं इन्हें बताना चाहूंगा कि ऐसे इलाकों में हम पहले से ही प्राथ–मिकता दे रहे हैं । बिजली बोर्ड की तरफ से यह हिदायतें हैं कि फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व्ड के बेस पर ट्रांसफार्मर बदले जाएं । पीने के पानी वाली जगहों पर तो 12 घंटे में या 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदल देते हैं । यह बात तो उन लोकल लोगों पर भी निर्भर करती है कि वे कितनी जल्दी कम्पलेन्ट नोट करवाते हैं । यदि बिजली बोर्ड की तरफ से कोताही होगी तो हम अवश्य कार्यवाही' करेंगे ।

चौधरी चन्दा सिंह : लोग तो समय पर शिकायत दर्ज करवा देते हैं लेकिन महकमे की तरफ से एक्शन ठीक समय पर नहीं होता । कई जगहों पर दो–दो तीन– तीन या चार–चार लाईनमैन बिठाये हुए हैं जबकि इतने आदमियों की वहां पर जरुरत नहीं होती । यह काम बिजली वालों का भी होना चाहिये कि वे

देखें कि कहां पर खराबी चल रही है । जब पटवारी या सिपाही 100 गांवों की रिपोर्ट कर सकता है तो क्या ये इतने लाईनमैन जो इन्होंने बैठाये हुए हैं, अपने–अपने क्षेत्र की रिपोर्ट नहीं कर सकते? लोगों को अपनी शिकायतों के लिये कभी एम० एल० एज० के पास कभी मन्त्री जी के पास और कभी डी० सीज० के पास जाना पड़ता है । मैं मन्त्री जी से आश्वासन चाहूंगा कि क्या ये अपने विभाग को हिदायतें देंगे कि इनके कर्मचारी खुद जाकर देखें कि कहां पर ट्रांसफार्मर की खराबी है या दूसरी खराबी है और जहां ऐसी कमी हो उसको जल्दी से जल्दी ठीक कर दिया जाये ?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : हम उनको इस बात की हिदायतें देंगे कि अगर कन्जयूमर रिपोर्ट करता है कि हमारे यहां पर यह खराबी है तो वे भी जा कर देखें और पता लगायें कि क्या खराबी है स्पीकर साहब, हमेशा शोर मचा रहता है कि बिजली का स्टाफ बहुत कम है और काम वहुत बढ़ गया है इसलिये बिजली के स्टाफ को बढ़ाया जाये । ये कहते हैं कि स्टाक ज्यादा है । यदि ये इस बात से सहमत है तो हम 2 तिहाई स्टाफ बिजली बोर्ड से हटा कर कहीं और एडजस्ट कर देते हैं । अब जैसा ये बतायेंगे वैसा हम कर लेंगे ।

श्री निहाल सिंह : स्पीकर साहब, मन्त्री जी ने बताया था कि एक वर्कशाप कुरुक्षेत्र में खोली जायेगी । मैं जानना चाहुंगा कि यह वर्कशाप शाहबाद में खोली जायेगी या पेहवा मे खोली जायेगी । दूसरा मेरा सवाल यह है कि जो ट्रांसफार्मर सड़

जाते हैं उनकी रिपोर्ट का ठीक हिसाव–किताब विजली बोर्ड के आफिस में ठीक नही रखा जाता । मै चाहुंगा कि इस काम के लिए कोई रजिस्टर मेनटेन किया जाये । जो शिकायत पहले आये उसे पहले दूर किया जाये और जो बाद में आये उसे बाद में ठीक किया जाये । लेकिन देखने में आया हुएए कि जो ट्रांसफार्मर बाद में सडने हैं, वे पहले ठीक हो जाते हैं और जो पहले के सडे हुए होते हैं वे बाद में ठीक होते हैं ।

श्री अध्यक्ष : राव साहब ने जो बात कही है वह बिल्कुल ठीक कही है । मैं चाहूंगा कि जिस तरह थाने में रिपोर्ट का रोजनामचा दर्ज होता है और वह एक बार दर्ज होने के बाद बदला नही जा सकता, उसी तरह का कोई प्रबन्ध ऐसी शिकायतों का आपके यहां भी होना चाहिए । लोगो की यह आम शिकायत है कि रिपोर्ट ठीक दर्ज नहीं की जाती । जो रिपोर्ट आपके विभाग के कर्मचारी नोट करते हैं वह इधररू– उधर हो जाती है । डसमें कोई शक वाली बात नहीं है । आप ऐसा कोई प्रबन्ध करें कि जो ट्रांसफार्मर की या दूसरी कम्पलेन्ट हो उस पर गांव के सरपन्च या नम्बरदार के हस्ताक्षर हो जाएं । जब लोग पता करने के लिये जाते हैं तो कह दिया जाता है कि इनकी रिपोर्ट तो हमारे पास कल या परसों ही पहुंची है । डस बात की तरफ आप विशेष ध्यान देने की कोशिश करें ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : आपका सुझाव बहुत अच्छा है । मै महकमे वालो को कहूंगा कि वे ऐसा कोई प्रिन्टिड

रजिस्टर वगैरा लगा लें जिसमें शिकायतें ठीक प्रकार मे दर्ज हो सकें और वे अपनी मनमानी न कर सकें । राव साहब ने कहा कि शिकायतें लिखी नहीं जाती । ऐसी बात नहीं णै कि शिकायते नहीं लिखी जातीं । सारी शिकायतें बाकायदा लिखी जातीं हैं । सभी शिकायतों को फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर ही डील किया जाता है । यदि इनके ध्यान में है कि किसी जगह पर कोई ट्रांसफार्मर बाद में सड़ा है और वह पहले रिप्लेस कर दिया गया है तो वे, हमारे नोटिस में लाएं, हम उस पर एक्शन लेंगे ।

चौधरी हुक्म सिंह : स्पीकर साहब, ट्रांसफार्मर डैमेज होने से पूरे प्रदेश को बहुत हानि हुई है और हो रही है । मैं आपको पूरे विश्वास के साथ बता रहा हूं कि पिछले 3– 4 सालों में कोसली सब–डिवीजन के अन्दर डेढ़ करोड़ रुपए के करीब ट्रांसफार्मर बदले गए हैं । इस वात के लिए मैं मन्त्री जी का धन्यवाद भी करना चाहूंगा कि उन्होंने उस हल्के की तरफ विशेष ध्यान दिया है और जितने भी ट्रांसफार्मर सड़े हैं, वे बदल दिए गए हैं । परेशानी की बात यह तो है कि इतनी अधिक माता में ट्रांसफार्मर सड़ रहे हैं जिसका कोई हिसाब नहीं है । और देखने में यह भी आया है कि ट्रांसफार्मर्ज ज्यादातर एक सीजन मे डैमेज होते हैं । आगे पीछे कभी ही कहीं से शिकायत आती है । ज्यों ही व्हीट की कटाई हो जाती है और जून तथा जुलाई महीने की बारिशे शुरु हो जाती हैं तो ट्रांसफार्मर्ज डैमेज होने शुरु हो जाते है । जब गेहूं की बिजाई शुरु होती है तो शिकायतें आने लगती

है कि फलां जगह 60 ट्रांसफार्मर्ज डैमेज हो गए, फलां जगह 50, फलां जगह 40 और फलां जगह 30 ट्रांसफार्मज डैमेज हो गए । जब आधी चलती है और बारिश होती है तो तारों के झूलने से दो तारे आपस में टच हो जाती है और ट्रांस– फार्मर्ज जल जाते हैं । इसके लिए स्पीकर साहब मेरा सुझाव यह है कि दो खम्भों के बीच में एक बांस का डंडा टांग दिया जाए ताकि तार आपस में न मिलें और ट्रांसफार्मर डैमेज न हो सके । मैं मन्त्री महोदय से यह भी जानना चाहता हू कि ट्रांसफार्मर्ज डैमेज न हों इसके लिए महकमे ने क्या क्या–कदम उठाए हैं?

चौधरी शमशेर सिह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, पूरे रोहतक सर्कल मे जिसमें इनका इलाका भी है, केवल 17 ट्रांसफार्मर्ज डैमेज्ड है । हमारे पान टोटल ट्रांस– फार्मर्ज 45,000 हैं और इनमें से आज के दिन पौने पांच यौ डैमेज्ड पड़े हैं । यह रेट रीजनेबली काफी लो है । इस बात को टोटली ऐलिमिनेट करने के लिए नए ट्रांसफार्मर्ज आ रहे है । हम चाहते हैं कि एक भी ट्रांसफार्मर डैमेज न हो और रिप्लेसमैंट का पीरियड भी मिनिमाइज हो कर तक हफ्ते से कम हो जाए । स्पीकर साहब, जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि इनके इलाके में डेढ़ करोड़ से ज्यादा के ट्रांसफार्मर्ज डैमेज हो गए, लगता है कि इनको भी मेरी तरह बहुत कम हिसाब आता है । मेरे ख्याल में तो डेढ़ करोड़ रुपए की लागत के ट्रांसफार्मर्ज सारी स्टेट में डैमेज नही

हुए होंगे क्योंकि एक ट्रांसफार्मर की कीमत लगभग 14– 15 हजार रुपए होती है ।

चौधरी सूबे सिंह पुनिया : स्पीकर साहब, ट्रांसफार्मर्ज की मुरम्मत की गंभीर शिकायतें सारे राज्य में ही हैं । इसलिए मैं मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या इस तरह का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है कि हर जिले में वर्कशाप स्थापित की जाए? स्पीकर साहब, इस सवाल के साथ जो भावना जुड़ी हुई है उसमें गहराई से जाने की आवश्यक्ता है । इस वक्त पोजीशन यह है कि जो ट्रांसफार्मर्ज डैमेज हो जाते हैं उन्हें रिपेयर के लिए दूसरी जगह भेजना पड़ता है । उदाहरण के तौर पर जीन्द जिले में जो ट्रांसफार्मर्ज डैमेज हो जाते हैं उनकी मुरम्मत धूलकोट में होती है । जब वे मुरम्मत होने के बाद वापस जीन्द जिले में जाते हैं तो उनमे कई बार जल्दी ही खराबी पैदा हो जाती है क्योंकिं उनमें जो आयल वगैरा डलता है वह आते जाते रास्ते में हिल जाता है और मिस्त्री बुलवाकर उसे ठीक करवाना पड़ता है । इसलिए यदि जिला स्तर पर नजदीक ही वर्कशाप लग जाए तो यह दिक्कत दूर हो सकती है ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, इस वक्त स्टेट में 7 ट्रांस– फार्मर्ज वर्कशाप्स हैं और आठवां कुरुक्षेत्र में खोलने का फैसला किया गया है जिसका काम बहुत जल्दी ही चालू हो जाएगा । आलरेडी वर्कशाप्स धूलकोट, हिसार, फरीदाबाद, सोनीपत, करनाल, नारनौल और रोहतक में हैं । ट्रांसफामंर्ज

वर्कशाप खोलते हुए दो बातों का ध्यान रखा गया है । एक तो वर्कशाप्स ऐसे इलाकों में है जहां ट्रांसफार्मर्ज की पापुलेशन ज्यादा है दूसरे लौंग डिसटैसं वाले इलाकों में हैं । नारनौल और हिसार आदि से ट्रांसफार्मर्ज धूलकोट, करनाल और कुरुक्षेत्र न लाने पड़े इसलिए वर्कशाप्स इन जिलों में खोल दिए । अगर कहीं और ट्रांसफार्मर्ज रिपेयर वर्कशौप खोलने की जरुरत महसूस हुई तो खोल देंगे । फिलहाल हमने जो आलरेडी वर्कशाप्स खोल रखी हैं उनकी कैपेसिटी इनक्रीज कर रहे हैं ।

डाक्टर ओम प्रकाश शर्मा : स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से एक बात जानना चाहूंगा । रोज सुनने में आता है कि सरकार के पास फंड्ज की कुछ कमी है । बिजली बोर्ड के पास भी फंड्ज की काफी कमी है । डिस्ट्रिक्ट अम्बाला के अन्दर सारी इरीगेशन ट्यूबवैल्ज से होती है । इस एरिया में ट्रांस– फार्मर्ज का ठीक होना बहुत जरूरी है । यही बात कुरुक्षेत्र और करनाल की है । अगर सरकार और एच० एस० ई० बी० के पास फंड्ज की कमी है तो क्यों नहीं सरकार सब–डिविजनल लैवल पर प्राईवेट सैक्टर को इस काम को देती? अगर प्राईवेट लोगों को यह काम दे दिया जाए तो एक तो बेकारी का मसला हल होगा दूसरे वे ट्रांसफार्मर्ज की कुछ गारंटी भी देंगे । सरकार के जितने रिपेयर वर्कशौप्स हैं उनके काम की कोई गारन्टी नही है । जिन ट्रांसफार्मर्ज को वे ठीक करके भेजते हैं वे रास्ते में ही खराब हो जाते हैं । (विघ्न) लोगों के पास बड़ा पैसा है । अगर

एक न० पैसे की कुछ कमी है तो दो नं० के पैसे का काफी फैलाव है । तो मैं मन्त्री जी से दरख्वास्त करूंगा कि इस बात को गंभीरता से सोचें और इस समस्या को हल करने का प्रयत्न करें ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहव, जहा तक ट्रासफार्मर्ज खरीदने की बात है, सरकार भी हमार प्राईवेट लोग भी उन्हें वहीं से खरीदते हैं यिन जगहों से ये मिलते हैं । रिपेयर की डस वक्त हरियाणा में कोई प्राईवेट वर्कशाप नहीं है । कोई खोलना चाहता है तो अवश्य खोले । जब कोई वर्कशाप खोलेगा तभी उसे काम दिया जा सकता है । ऐसा नहीं हो सकता कि किसी के दरवाजे पर ट्रांसफार्मर रख दे' और उसे कहें कि इसकी रिपेयर करने के लिए अत वर्कशाप खोलें । डा० साहब आप ऐसी वर्कशाप्स खुलवाएं हम उन्हें जरुर ट्राई करेंगे ।

चौधरी तैयब हुसैन : स्पीकर साहब इस वक्त 7 वर्कशाप्स तो पहले से काम कर रहे हैं तथा एक और खोलने की तजवीज है । तकरीबन 8 जिलों मे तो ये वर्कशाप्स हो गए. और सिर्फ 4 जिले बाकी बचते हैं । क्या मन्त्री जी बता– एंगे कि यदि हर जिले में एक वर्कशोप हो जाए तो ठीक नही होगा? इस वक्त देखने मैं यह आया है कि जिस जगह वर्कशाप है वहां पहले अपने एरिया के ट्रास– फार्मर्ज ठीक होते हैं और दूसरे जिलों के ट्रांसफार्मर्ज बाद में रिपेयर किए जाते हें । (विघ्न) गुड़गांव मे तो ऐसी बात आम देखने मे आई है ।

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : इसमें अपने जिले का सवार नही है । इसके लिए हमने सैन्ट्रल पैटर्न बना रखा है । उनके हिसाब से अलाटमेंट होती है । गुड़गांव और फरीदाबाद तो पहले एक ही जिला होता था । नए–नए वर्कशाप्स यदि खोलेंगे तो नए–नए खर्च बढेंगे, नया स्टाफ रखना पड़ेगा जबकि फंड्ज की पहने ही मुश्किल है । फिर भी जिस एरिया में जरुरत महसूस होगी, ट्रांससार्मर्ज ज्यादा डैमेज होते होंगे, एच० एस० ई० बी० ओपन माईन्ड से वहां जरूर वर्कशाप खोलेगा । (विघ्न)

चौधरी लाल सिंह : स्पीकर साहब, कई जगह ट्रांसफार्मर्ज बहुत चोरी होते हैं और जिस गांव से ये चोरी होते हैं वहा के लोगों को पीटा जाता है, चोरों को नहीं पकड़ा जाता । चोरों का एक ग्रुप बना हुआ है । क्या मन्त्री महोदय इसकी जांच करके इसका कोई इलाज करेंगे?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, इनके एरिया में अगर इस तरह से ट्रांसफार्मर्ज की चोरी होती हैं तो ये चोरों को पकड़वाने में मदद करें । मेरे पास इस तरह की चोरी की कोई शिकायत नहीं आई है ।

श्री अमर सिंह : स्पीकर साहब, स्टेट में 550 ट्रोसफार्मर्ज डैमेज्ड पड़े हैं । क्या मन्त्री जी बताएंगे कि सर्कलवाइज कितने–कितने ट्रांसफार्मर्ज डैमेज्ड हैं? क्या ये इस बात को भी निर्धारित्त करेंगे कि अगर ट्रांसफार्मर – एक महीने के

अन्दर रिपेयर न हो तो इसकी जिम्मेवारी डिविजनल ऐक्सीयन पर डाली जाएगी?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला : स्पीकर साहब, सर्कलवाइज डैमेज्ड ट्रांसफार्मर्ज की फिगर्ज इस प्रकार हैं :––

अम्बाला सर्कल	54
कुरुक्षेत्र सर्कल	61
करनाल सर्कल	103
सोनीपत सर्कल	10
फरीदाबाद सर्कल	26
गुडगांव सर्कल	27
भिवानी सर्कल	3
नारनौल सर्कल	26
हिसार सर्कल	20
सिरसा सर्कल	59
रोहतक सर्कल	17
जीन्द सर्कल	9

और जो भी हमारे पास पड़े हैं, वे तकरीबन महीने से फालतू के नहीं हैं । अगले दो महीनों में डन सब को बदल दिया जाएगा ।

Mr. Speaker : Question Hour is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

Upgradtion of Schools

***1212. Shri Fateh Chand Vij :** Will the Minister for Education be pleased to state—

(a) whether any schools were upgraded from Primary to Middle and Middle to High in the State during the years 1985-86 and 1986-87 (to-date) ; and

(b) if so, the constituency-wise details thereof ?

Education Minister (Shrimati Sarda Rani) ;

(a) Yes, the number of schools upgraded year-wise is as under :-

Year	Primary to Middle	Middle to High.
1985-86	97	100
1986-87 (to-date)	171	98

(b) The statement is given in the Annexure.

ANNEXURE

(a) The constituency-wise distribution of the schools upgraded during 1985-86

Distt.		C mstitueancy		Primary to Middle		Middle to High
1		2		3		4
AMBALA	1.	Ambala City			1	Tundla
	2.	Ambala Cantt.	1	Diggi, Ambala Cantt	1	B. C. Bazar Ambala Cantt
	3.	Chhachhroli	1	Munda Khera	1	Fatehpur
	4.	Mulana	1	Rampur	I.	Thakkarpur
	5.	Jagadhari	1	Bhatauli	1	Panjtirthi
	6.	Kalka	-		-	
	7.	Naggal	-			
	8.	Naraingarh	1.	Pyrawala	1	Ganeshpur
			2.	Bholi		
	9,	Yamunanagar	1	Farakpur	1	Kareda Khurd
	10	Sadhaura	1.	Alisherpur	1	Lalhari Kalan

				Majra		
			2.	Nanhera		
			3.	Amli		
BHIWANI	1	Badhra	1.	Narsingwas		
			2.	Nihalgarh	-	
	2	Ch. Dadri	1.	Bhageshwary	1	Jhinjhar
			2.	Fatehgarh		
			3.	Sarangpur		
	3	Mundhal Khurd	-			
	4	Tosham	1	Baganwala	1	Bhari was
	5	Loharu	-		1	Kalod Gudda
	6	Bhiwani	1.	Nagal	--	
			2.	Dhani	-	
				Ha numan		
	7	Bawani Khera				
FARIDABAD	1	Faridabad	1.	In_ dra Nagar	1	N.H.-II NIT Faridabad
			2.	Bhankpur		

	2	Mewla	1	Pali (G)	1	Sihi (G)
	3.	Ballabgarh	1	Korali (G)	-	
	4.	Hassanpur	-		1	Pelak
	5.	Hathin	-			
	6.	Palwal	1	Palwal Camp	1	Janauli
GURGAON	I.	F. P. Jhirka	1.	Triwara		
			2.	Gokalpur		
	2	Tauru.	-		-	
	3.	Nuh	1	Ganduri	1	Firozpure Namak
